M.A. - II (Hindi) (NEP Pattern) Semester-IV

# S4MAHINJC3 - Major DSC Paper-III : Vishesh Adhayan-Munshi Premchand Bhag-II

P. Pages : 3 | GUG/S/25/16211

Time : Two Hours | Max. Marks : 40

---

सुचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्हीं तीन** पंक्तियों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **8**

i) "जीवन की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं में भिन्न-भिन्न वासनाओं का प्राबल्य रहता है। बचपन मिठाइयों का समय है, बुढ़ापा लोभ का, यौवन प्रेम और लालसाओं का समय हैं, इस अवस्था में मीना बाजार की सैर मन में विप्लव मचा देती है। जो सुदृढ़ है लज्जाशील या भावशून्य, वह संभल जाते है। शेष फिसलते है और गिर पड़ते है।"

ii) "सतयुग में मनुष्य की मुक्ति ज्ञान से होती थी, त्रेता में सत्य से, द्वापर में भक्ति से, पर इस कलियुग में इसका केवल एक ही मार्ग है, और वह है सेवा। इसी मार्ग पर चलो तुम्हारा उध्दार होगा। जो लोग तुमसे भी दीन, दु:खी, दलित है उनकी शरण में जाओ और उनका आशिर्वाद तुम्हारा उध्दार करेगा। कलियुग में परमात्मा इसी दु:ख सागर में वास करते है।"

iii) रूदन में कितना उल्लास, कितनी शक्ति, कितना बल है। जो कभी एकांत में बैठकर किसी की स्मृति में, किसी के वियोग में सिसक-सिसक और बिलख-बिलख नहीं रोया, वह जीवन के ऐसे सुख से वंचित है, जिस पर सैकड़ो हँसियाँ न्यौछावर हैं। उस मीठी वेदना का आनन्द उन्हीं से पूछो, जिन्होंने सौभाग्य प्राप्त किया। हँसी के बाद मन खिन्न हो जाता है, आत्मा क्षुब्ध हो जाती है, मानो हम थक गए हो, पराभूत हो गए हों। रूदन के पश्चात् एक नवीन स्फूर्ति, एक नवीन जीवन, एक नवीन उत्साह का अनुभव होता हैं।

iv) "वह लालसा जो आज सात वर्ष हुए, उसके हृदय में अंकुरित हुई थी, जो इस समय पुष्प और पल्लव से लदी खड़ी थी, उस पर वज्रपात हो गया। वह हरा-भरा लहलहाता हुआ पौधा जल गया। केवल उसकी राख रह गई। आज ही के दिन पर तो उसकी समस्त आशाएँ अवलम्बित थीं। दुर्दैव ने आज वह अवलम्ब भी छीन लिया। उस निराशा के आवेश में उसका ऐसा जी चाहने लगा कि अपना मुँह नोच डाले।"

v) "यह भी जानती हूँ कि जीवन नश्वर है, अनित्य है और संसार के सुख अनित्य और नश्वर है। यह सब जानते हुए भी पतंगे की भाँति दीपक पर गिर रही हूँ। इसीलिए तो कि प्रेम में यह विस्मृति है जो संयम, ज्ञान और धारणा पर परदा डाल देती है। भक्तजन भी, जो आध्यात्मिक आनन्द भोगते रहते हैं वासनाओं से मुक्त नहीं हो सकते। जिसे कोई बलात् खींचे लिए जाना हो, उससे कहना कि तू मत जा कितना बड़ा अन्याय हैं।"

vi) "धर्मभीरूता में जहाँ अनेक गुण है, वहाँ एक अवगुण भी है, वह सरल होती है। पाखण्डियों का दाँव उस पर सहज ही में चल जाता हैं। धर्मभीरू प्राणी तार्किक नहीं होता। उसकी विवेचना शक्ति शिथिल हो जाती है।"

**2.** निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से **किसी एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए। **8**

क) "सुमन किचड़ में खिला कमल है।" इस वाक्य के आधार पर सुमन का चरित्र-चित्रण कीजिए।

**अथवा**

ख) "गबन एक समस्या-मूलक उपन्यास है।" इस कथन पर प्रकाश डालिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **8**

1) विनय का परिचय लिखिए।

2) रमानाथ घर छोड़कर क्यों चला जाता हैं? और कहाँ?

3) गजाधर बाबू संन्यासी क्यों बन जाते हैं?

4) नागार्जुन का जीवन परिचय लिखिए।

5) वृंदावनलाल वर्मा का परिचय लिखिए।

6) भीष्म सहानी का परिचय देते हुए उनका कौनसा उपन्यास भारत-पाकिस्तान के बंटवारे को लेकर लिखा गया हैं?

7) देवीदिन की दिनचर्या किस प्रकार थी? लिखिए।

**4.** निम्नलिखित सभी प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **8**

1) सेवासदन के प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

2) कमलेश्वर जी किस युग का प्रतिनिधित्व करते थे परिचय के द्वारा स्पष्ट कीजिए।

3) कृष्णचंद की मृत्यु कैसे हुई?

4) वृंदावनलाल वर्मा किस प्रकार के नाटकों के लिए प्रसिध्द हैं?

5) विनय के माता पिता तथा बहन का क्या नाम था?

**5.** निम्नलिखित सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। **8**

1) 'सेवासदन' उपन्यास का मूल नाम क्या था?

i) बाजारे हुस्न ii) गबन

iii) रंगभूमि iv) सोजेवतन

2) माँ न बन पाने का दु:ख किसे था?

i) जालपा ii) सकीना

iii) रतन iv) नैना

3) सुमन और शांता इनमें से किसकी पुत्रीयाँ थी?

i) दयानाथ ii) कृष्णचन्द

iii) देवीदिन iv) तोताराम

4) 'रंगभूमी' उपन्यास में सूरदास का मुख्य संघर्ष किससे था?

i) राजा से ii) अंग्रेज सरकार से

iii) पूंजीपतियों से iv) जमींदारों से

5) समाज-सुधारकों की सहायता से इनमें से कौन सी संस्था चल रही थी?

i) विद्यालय ii) अनाथाश्रम

iii) विधवाश्रम iv) वृध्दाश्रम

6) 'गबन' उपन्यास की कहानी किस वर्ग की समस्याओं को दर्शाती हैं?

i) मजदूर वर्ग ii) निम्न वर्ग

iii) मध्यम वर्ग iv) उच्च वर्ग

7) अलका सरावगी की प्रथम कहानी प्रकाशित हुई।

i) सन् 1984 ii) सन् 1987

iii) सन् 1993 iv) सन् 1991

8) पांडेपूर गांव इस उपन्यास का केंद्र हैं?

i) सेवासदन ii) गोदान

iii) गबन iv) रंगभूमि

9) महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित साहित्यकार कौन हैं?

i) कमलेश्वर ii) भीष्म सहानी

iii) मुंशी प्रेमचंद iv) जयशंकर प्रसाद

10) इनमें से कौन फॅशन परस्त पात्र था?

i) विनय ii) रमानाथ

iii) प्रभू सेवक iv) सदन

************